# फॉर्च्यूनर कार से कर रहा था एमडी ड्रग्स की तस्करी

- 11.12 ग्राम एमडी और डिजिटल तराजू बरामद
- क्राइम ब्रांच ने फॉर्च्यूनर कार सहित 42 लाख का माल जब्त किया
- शिवालय रोड पर घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को दबोचा




**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को 11.12 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी फॉर्च्यूनर कार से तस्करी करता था. पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार से मोबाइल और डिजिटल तोल मशीन सहित करीब 42 लाख रुपए का माल जब्त किया है.**

शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी दौरान टीम को शिवालय रोड क्षेत्र में एक फॉर्च्यूनर कार में बैठा संदिग्ध युवक नजर आया. पुलिस को उसकी हरकतें संदिग्ध लगीं, जिस पर घेराबंदी कर उसे रोका. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नंदकिशोर वोरा उर्फ वंश निवासी मुसाखेड़ी बताया. वाहन की तलाशी लेने पर सीलिंग बॉक्स के पास से 11.12 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. साथ ही कार से डिजिटल तोल मशीन भी मिली.

## 25 मामले दर्ज, 39 आरोपियों को गिरफ्तार

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह सस्ते दाम में ड्रग्स खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है. डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि 1 जनवरी से अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 25 मामले दर्ज कर 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है.

# खजराना में दो तस्कर गिरफ्तार, 4 लाख का माल जब्त

- 10 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग्स और ऑटो रिक्शा बरामद



**इंदौर. खजराना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों के कब्जे से 10 ग्राम से अधिक मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स और एक ऑटो रिक्शा सहित करीब 4 लाख रुपए का माल जब्त किया है.**

जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत खजराना पुलिस ने विशेष टीम बनाकर यह कार्रवाई की. टीम को रंगून गार्डन, स्कीम नंबर 134 के पास दो संदिग्ध युवक ऑटो पर बैठे दिखे. पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया. तलाशी में उनके पास से 10 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद हुई. गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम इरफान उर्फ हामा उम्र 36 साल निवासी खिजराबाद कॉलोनी और गोकुल उम्र 37 साल निवासी गौरी नगर बताए. पुलिस ने इनके पास से करीब 1 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स और 3 लाख रुपए कीमत का ऑटो रिक्शा जब्त किया है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और जल्दी पैसा कमाने के लिए सस्ते में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचते थे. दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस रिमांड लेकर अब उनसे ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है.

# ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार
## 80 हजार की 8 ग्राम ड्रग्स बरामद

- 80 हजार रुपए कीमत का मादक पदार्थ जब्त, आरोपी पर पहले से हैं कई केस दर्ज

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. उसके कब्जे से 8 ग्राम ब्राउन शुगर, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई जा रही है, बरामद की गई है.

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शहर में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत हीरानगर पुलिस को कार्रवाई में सफलता मिली. सोमवार को पुलिस टीम आईटीआई मैदान के पास गश्त कर रही थी, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. तलाशी में उसकी पैंट की जेब से ब्राउन शुगर बरामद हुई. गिरफ्तार आरोपी की पहचान लक्की उर्फ लखन उम्र 36 साल निवासी गौहर नगर के रूप में हुई है. उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी शातिर बदमाश है और अपनी पहचान छिपाकर वारदात करता था. पुलिस अब उससे मादक पदार्थ के सप्लायर और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है. पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से जुआ, मारपीट, लूट, आर्म्स एक्ट और अन्य मामलों में कई केस दर्ज हैं.



# पुलिस ने की ज्वेलरी दुकान में डकैती की साजिश नाकाम

- कनाड़िया पुलिस ने हथियारों सहित 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ज्वेलरी दुकान में डकैती की योजना बना रहे चार आरोपियों को हथियारों सहित गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से धारदार हथियार, औजार और संदिग्ध सामग्री बरामद की है.**



दरअसल, मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि मिलन ग्रैंड गार्डन के पास खाली मैदान में टीन शेड की आड़ में कुछ युवक इकट्ठा होकर लूट की योजना बना रहे हैं. सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से धार जिले के गुनावद में रहने वाले 21 वर्षीय गौरव सिंगार, धार के ही इक्कलाई में रहने वाले 21 वर्षीय कुंदन ठाकुर, गुनावद के 20 वर्षीय विकास सोलंकी के साथ 19 वर्षीय बलराम ठाकुर नामक 4 बदमाशों को पकड़ा है. पुलिस के अनुसार आरोपियों का एक साथी रोहित निवासी इक्कलाई फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी के दौरान गौरव सिंगार से काले-लाल रंग की बजाज पल्सर बाइक, कटर मशीन और बैटरी, कुंदन ठाकुर से लोहे की टामी और लाल मिर्ची पाउडर, विकास सोलंकी से पेंचकस, रिंच व मास्टर रिंग पाना तथा बलराम ठाकुर से धारदार चाकू बरामद किया. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

### एक नजर में

## डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को राष्ट्रीय स्तर के दो अवार्ड्स



**महू.** नई दिल्ली में अखिल भारतीय चिकित्सक संघ द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में होम्योपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रोफेसर डॉ. अनुपम श्रीवास्तव को राष्ट्रीय स्तर के दो अवार्ड्स डॉ. हैनिमैन अवॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस अप्रैल 26 एवं होम्यो भूषण अवार्ड मार्च 26 से सम्मानित किया गया. यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें होम्योपैथी चिकित्सा सेवा के 25 वर्षों के समर्पित कार्य के लिए प्रदान किए गए. डॉ. श्रीवास्तव ने अपने दीर्घ चिकित्सकीय अनुभव में कमर दर्द एवं मनोरोग आधारित जटिल शारीरिक रोग संबंधित पीएचडी शोध, बांझपन (इन्फर्टिलिटी), किडनी एवं प्रोस्टेट संबंधी रोगों, पथरी, पीसीओडी, ट्यूमर्स, मानसिक एवं मनोरोग संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. विशेष रूप से, मध्य भारत में एमडी (साइकेट्री) एवं पीएचडी (होम्योपैथी) की संयुक्त योग्यता रखने वाले वे एकमात्र चिकित्सक के रूप में जाने जाते हैं. चिकित्सा सेवा के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है. उन्होंने 12 वर्षों तक होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में अध्यापन कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया. इस उपलब्धि के लिए डॉ. श्रीवास्तव को सामाजिक संस्थाओं, होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ महू, चिकित्सक गण, रोटरी क्लब महू, चित्रांश कायस्थ समाज महू, पीथमपुर और राऊ द्वारा बधाई प्रेषित की गई.

## महू में गौवंश वध कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर/महू.** ग्रामीण के महू में गौवंश वध के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल छुरा और चाकू भी जब्त किए हैं. ज्ञात हो, 24 अप्रैल को महू क्षेत्र में क्रिश्चियन कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे गौवंश का कटा सिर और खाल मिलने से लोगों में आक्रोश फैल गया था. मामले में महू थाने में मप्र गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था. एसपी ग्रामीण यागंचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश कुमार द्विवेदी और एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार के साथ थाना प्रभारी दीपक राठौर के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कॉल डिटेल व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की. इसके बाद सोमवार को मो. फरीद उम्र 20 साल निवासी बंडा बस्ती और सोहेल उम्र 25 साल निवासी रेलवे कॉलोनी महू को गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ में आरोपियों की संलिप्तता सामने आने के बाद उनके कब्जे से वारदात में उपयोग किए गए हथियार भी बरामद किए हैं.

## अपनी मांगों को लेकर खाद-बीज-दवा व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा



**महू.** कृषि खाद बीज दवाई व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन कृषि अधिकारी को सौंपा है. ज्ञापन में व्यापारियों ने खाद पर जबरन लिंकिंग, डीलर मार्जिन में वृद्धि और साथी पोर्टल में राहत देने की मांग की है. व्यापारियों का कहना है कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग की जा रही है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है. उन्होंने डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत करने की मांग की है. व्यापारियों ने साथी पोर्टल को वैकल्पिक बनाने और इसकी अनिवार्यता को केवल निर्माताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखने की मांग की है. उन्होंने ॥अक्क्ष बीज नीति में बदलाव, विक्रेता को साक्षी का दर्जा देने और एक्सपायर्ड कीटनाशक नीति में बदलाव की मांग की है. व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन बंद करेंगे, जिससे देश के कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा. ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष दीपक चौहान, रुपेश अग्रवाल, प्रेम सिंह ठाकुर, महेंद्र यादव, राजू यादव, रोहित अग्रवाल, नितिन बारोड़, लोकेंद्र हारोड़ आदि व्यापारीगण उपस्थित थे.

# आईगॉट प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभियोजन अधिकारी सम्मानित

**इंदौर. अभियोजन संचालनालय में आयोजित कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में प्रशासनिक स्तर पर सक्रियता और प्रशिक्षण के प्रति रुचि भी साफ नजर आई.**



भोपाल से आए प्रभारी संयुक्त संचालक के आगमन पर जिला न्यायालय स्थित कार्यालय में उनका स्वागत किया गया. उन्होंने अधिकारियों से सीधे संवाद करते हुए कामकाज की गति और गुणवत्ता पर जोर दिया. साथ ही प्रशिक्षण के जरिए खुद को अपडेट रखने की जरूरत भी बताई. आईगॉट प्लेटफॉर्म पर 2 से 10 अप्रैल तक चले साधना सप्ताह में सबसे ज्यादा कोर्स पूरे करने वाले सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती राजौरिया, ईशु यादव और रेणु मंडलोई को इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान यह भी देखने को मिला कि विभाग अब डिजिटल प्रशिक्षण को लेकर ज्यादा सक्रिय हो रहा है और अधिकारियों को नई कार्यप्रणाली के अनुसार तैयार किया जा रहा है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में और तेजी लाई जा सके.

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

**इंदौर. गांधीनगर क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया.**



हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम रिजलाय निवासी मोहन तंवर उम्र 36 साल अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था. इसी दौरान सामने से आए डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे और मोहन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. पुलिस ने मामला दर्ज कर डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

# पुलिस जनसुनवाई : 85 शिकायतें आईं, पुलिस कमिश्नर ने दिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश

- पारिवारिक विवाद, लेन-देन और धोखाधड़ी के मामले सर्वाधिक

**इंदौर. प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 28 अप्रैल को 85 शिकायतें सामने आईं. पुलिस कमिश्नर ने सभी आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए.**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर हर मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है. जिसके तहत 28 अप्रैल को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे. प्राप्त आवेदनों में पारिवारिक विवाद, आपसी झगड़े, पैसों का लेन देन, फाइनेंशियल फ्रॉड, जमीन प्लाट धोखाधड़ी, महिला अपराध और सुनवाई नहीं होने जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए.



### मध्यस्थता केंद्र के जरिये भी सुलझाए जा रहे मामले

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आपसी और पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि मामलों का जल्द निपटारा हो सके. जनसुनवाई में सभी जोन के अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने भी आवेदकों की समस्याएं सुनकर आगे की कार्रवाई शुरू की. पुलिस ने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा.

# कोंदवाड़े में भीषण आग, तीन गायों की जलकर मौत

इंदौर. तिल्लोर खुर्द इलाके में एक कोंदवाड़े में लगी भीषण आग से बड़ा नुकसान हो गया. आग में तीन गायों की जलकर मौत हो गई, वहीं बड़ी मात्रा में रखा आलू भी राख हो गया.

जानकारी के मुताबिक जय राम चौहान के कोंदवाड़े में देर रात अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे बाड़े को अपनी चपेट में ले लिया. आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी. मौके पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद करीब 6 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया. हालांकि तब तक बाड़े में बंधी तीन गायों की जलने से मौत हो चुकी थी और वहां रखे आलू के बोरे भी पूरी तरह जल गए. घटना में किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है.


## चिकन नहीं लाने पर युवक पर हमला, तीन आरोपी फरार

इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. चिकन लाने से मना करने पर एक युवक पर तीन बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया. फरियादी कमल वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसका साथी गणेश उस पर चिकन लाने का दबाव बना रहा था. मना करने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया. इविवाद बढ़ने पर गणेश के साथी पन्ना और धर्मेंद्र भी मौके पर पहुंच गए. तीनों ने मिलकर कमल पर डंडों से हमला किया और सिर पर नुकीली वस्तु से वार कर उसे घायल कर दिया. हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए.

एक नजर में | शहर में लगातार बनी हुई हैं गंदा पानी आपूर्ति की शिकायतें, स्वच्छता रैंकिंग पर सवाल

# बियाबानी कंजर मोहल्ला में नलों से आ रहा दूषित पानी, रहवासी नाराज

इंदौर. देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई त्रासदी को गुजरे अभी ज्यादा समय भी नहीं हुआ है और शहर के कई क्षेत्रों से दूषित पानी की खबरें फिर आने लगी हैं. कई क्षेत्रों में दूषित पानी की समस्या बनी हुई है, जिससे निवासियों में नाराजगी है. नगर निगम और प्रशासन की ढिलाई के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें आ रही हैं, जो स्वच्छता रैंकिंग पर भी सवाल उठाती हैं. भागीरथपुरा की त्रासदी के बाद कुछ दिनों हरकत में रहा प्रशासनिक और नगर निगम का अमला अब फिर लापरवाह नजर आ रहा है.



दूषित और गंदे पानी का ऐसा ही मामला छत्रीपुरा के वार्ड 67 स्थित बियाबानी कंजर मोहल्ला गली नंबर 2 क्षेत्र से भी सामने आया है, जहां रहवासी नर्मदा लाइन से दूषित पानी मिलने से परेशान हैं. रहवासियों के अनुसार क्षेत्र में पानी की सप्लाई नियमित हो रही है और पानी की कोई कमी नहीं है, लेकिन नलों से आने वाला पानी उपयोग लायक नहीं है. क्षेत्र में नर्मदा पानी की सप्लाई शुरू होते ही करीब 10 मिनट तक पूरी तरह गंदा और मटमैला पानी निकलता है. इसके बाद आने वाला पानी भले ही साफ दिखाई देता है, लेकिन उसमें सीवरेज की तेज दुर्गंध बनी रहती है. दूषित पानी के कारण रहवासी न तो इसे पीने में उपयोग कर पा रहे हैं और न ही घरेलू कामों में, मजबूरी में लोगों को बाहर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिससे क्षेत्र में एक तरह का जल संकट बना हुआ है. रहवासियों ने नगर निगम से पाइपलाइन और सीवरेज लाइन की तत्काल जांच कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है.

### यह बोले वार्डवासी...



क्षेत्रवासियों को मिलने वाला पानी तो बराबर समय पर आता है, लेकिन उस पानी में ड्रेनेज की बदबू आती है, वह इस्तेमाल करने लायक नहीं होता.

**- नेहा वर्मा**

अगर पिलाना हो तो अच्छा पानी पिलाओ, आधे घंटे पानी आता है और वो भी गंदा होता है, गरीब लोग हैं, गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाएंगे तो हम क्या करेंगे.



**- काली बाई**

नलों से गंदा पानी आता है, इससे कभी भी जानलेवा बड़ी घटना हो सकती है. निगम कर्मी क्षेत्र में आते हैं, उन्हें समस्या बताते हैं, लेकिन समाधान नहीं निकलता.



**- रोहित मरइय्या**

दूषित पानी के कारण क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी रहती है. हम दूर स्थित खेतों में जाकर पीने का पानी लेकर आते हैं और अन्य इस्तेमाल के लिए बोरिंग का पानी भरते हैं.



**- दीपा मेशकर**